प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 29.03.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न की–उन्होंने इस चुनौती से सफलता से बाहर निकलने का विश्वास प्रकट किया।

2– प्रधानमंत्री ने कोरिया जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में की जा रही पहल की सराहना की।

3– सुकमा जिले में आज पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक इनामी माओवादी मारा गया।

4– प्रथम खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स के तहत आज वेटलिफ्टिंग में छत्तीसगढ़ की रिशिका कश्यप ने रजत और लकी बाबू मरकाम ने कांस्य पदक जीता।

---

**<u>मन की बात–01</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न कर दी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि यह मुश्किल समय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोविड महामारी की तरह ही देश इस मुश्किल हालात से सफलता से बाहर निकल जाएगा।

**मैं गल्फ कंट्रीज का बहुत आभारी हूं। वह ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं, जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें राजनीति नहीं करनी**

**चाहिए यह देश के 140 करोड़ देशवासियों के हित से जोड़ा विषय है। मैं सभी देशवासियों अपील भी करूंगा कि वह जागरूक रहे, बहकावें में ना आए, सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें।**

श्री मोदी ने कहा कि देश के कई हिस्सों में गर्मी शुरू होने के साथ ही, पानी बचाने के लिए फिर से प्रतिबद्ध होने का समय आ गया है।

**पिछले 11 वर्षों में जल संचय अभियान ने लोगों को बहुत जागरूक बनाया है। इस अभियान के तहत देश भर में करीब 50 लाख आर्टिफिशियल वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए गए हैं। जल संकट से निपटने के लिए गांवदृगांव में सामुदायिक स्तर पर प्रयास होने लगे हैं। अमृत सरोवर अभियान के तहत भी देश भर में करीब 70 हजार अमृत सरोवर बनाए गए हैं।**

---------------------------------------------------------------

**<u>मन की बात–02</u>**

प्रधानमंत्री ने जन–भागीदारी से जल संरक्षण संबंधी कुछ प्रेरणादायक उदाहरण साझा किए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले की एक अनूठी पहल की जानकारी दी, जहां किसानों ने खेतों में छोटे पुनर्भरण तालाब और सोखता गड़ढ़े बनाए हैं। इससे बारिश का पानी धीरे–धीरे जमीन में रिस जाता है। इस मॉडल को इलाक़े के एक हजार दो सौ से अधिक किसानों ने अपनाया है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भी ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुना गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास स्थान में इस कार्यक्रम को सुना और इसे राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायी बताया।

---------------------------------------------------------------

**<u>माओवादी मुठभेड़</u>**

सुकमा जिले के पोलमपल्ली थाना क्षेत्र में आज डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में एक इनामी माओवादी मारा गया है। घटनास्थल की तलाशी के दौरान माओवादी के शव के अलावा हथियार भी बरामद किया गया है। इस माओवादी पर आईईडी विस्फोट और हत्या जैसे कई मामले दर्ज थे।

इस बारे में और अधिक जानकारी दे रहे हैं सुकमा से हमारे संवाददाता –

**(इस पर पांच लाख रूपये का इनाम घोषित था। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि पोलमपल्ली क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर डीआरजी की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान आज सुबह माओवादियों के साथ जवानों की मुठभेड़ हुई, जिसमें एक माओवादी मारा गया।)**

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने कहा कि माओविदयों के समक्ष आत्मसमर्पण और पुनर्वास का लाभ उठाने के लिए बहुत कम समय बचा है। उन्होंने अपील की कि माओवादी कैडर इस अवसर का लाभ समझदारी से उठाएं और समाज की मुख्यधारा में लौटकर सम्मानजनक जीवन की शुरूआत करें।

------------------------------------------------------------

**मुख्यमंत्री–जशपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर में आयोजित जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में उनासी हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों और उनके परिजनों के बैंक खातों में सत्ताईस करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की। अपने जशपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने तीन करोड़ बावन लाख रुपए की लागत से निर्मित इंडोर बास्केटबॉल स्टेडियम का शुभारंभ किया। वहीं, श्री साय ने जशपुर में क्रिकेट एकेडमी का भी शुभारंभ किया।

------------------------------------------------------------

**वन धन–भारत ट्राइब्स फेस्ट**

केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने कहा है कि देश के जनजातीय समुदाय प्रकृति के साथ सामंजस्य का सशक्त प्रतीक हैं और पर्यावरण तथा सांस्कृतिक संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नई

दिल्ली में भारत जनजातीय महोत्सव के वन–धन सम्मेलन में उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज का पारंपरिक ज्ञान और टिकाऊ जीवन–शैली विश्व के लिए बहुमूल्य सीख प्रदान करती है। इसके बावजूद इन्हें लंबे समय से वन और कृषि उत्पादों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा था।

---

**खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स–01**

छत्तीसगढ़ में चल रहे प्रथम खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स के पांचवे दिन आज रायपुर में हॉकी, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग और अंबिकापुर में कुश्ती के मुकाबले हो रहे हैं। रायपुर में खेली गई वेटलिफ्टिंग स्पर्धा के पुरूष वर्ग में अरूणाचल प्रदेश और महिला वर्ग में असम ने ओव्हरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की रिशिका कश्यप ने रजत और लकी बाबू मरकाम ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरूष वर्ग में मिजोरम दूसरे और असम तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, महिला वर्ग में ओडिशा ने दूसरा और छत्तीसगढ़ ने तीसरा स्थान हासिल किया। रायपुर में आयोजित वेटलिफ्टिंग स्पर्धा के समापन समारोह में वन मंत्री केदार कश्यप और महापौर मीनल चौबे ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

वेटलिफ्टिंग के फाइनल मुकाबले में एक सौ दस किलोग्राम भार वर्ग में अरूणाचल प्रदेश के सांबोलापुंग ने दो सौ निन्यानवे किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, मिजोरम के डेविड ने दो सौ सत्तर किलोग्राम वजन उठाकर रजत और छत्तीसगढ़ के लकी बाबू मरकाम ने दो सौ इकसठ किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

वहीं, एक सौ दस प्लस किलोग्राम वर्ग में मिजोरम के डेविड ने स्वर्ण, आंध्रप्रदेश के गुलूलोथु राजा शेखर ने रजत और असम के मनास प्रतिम सोनवाल ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

महिला वर्ग के छियासी किलोग्राम वर्ग में महाराष्ट्र की साक्षी बुरकुले ने स्वर्ण और छत्तीसगढ़ की रिशिका कश्यप ने रजत पदक हासिल किया। वहीं, छियासी किलोग्राम से अधिक वर्ग में मिजोरम की ज़ोसांगज़ुआली ने स्वर्ण, असम की पिंकी बोरो ने रजत और मध्यप्रदेश की गुंजन उइके ने कांस्य पदक हासिल किया।

---

**खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स–02**

---

रायपुर में महिला वर्ग के फुटबॉल लीग मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने गुजरात को एक के मुकाबले दो गोल से पराजित किया गया। वहीं, महिला हॉकी में छत्तीसगढ़ ने बिहार के खिलाफ नौ गोल से जीत दर्ज की। बिहार की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के तहत अंबिकापुर में कल से कुश्ती के मुकाबले चल रहे हैं। इस स्पर्धा में करीब एक सौ चवालीस खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पहले दिन पुरूष फ्री स्टाइल सीनियर वर्ग में चौहत्तर किलोग्राम वर्ग में जम्मू–कश्मीर के मुनेर हुसैन और महाराष्ट्र के विक्रम साहेबराव पवार ने फाइनल में अपनी जगह बना ली है। इसी तरह, एक सौ पच्चीस किलोग्राम भार वर्ग में तेलंगाना के बनोथ विनोद कुमार और महाराष्ट्र के विनोद यशवंत सलकार के बीच फाइनल मुकाबला होगा। वहीं, महिला सीनियर पचास किलोग्राम वर्ग में झारखंड की पूनम ओरांव और तेलंगाना की के. गीता फाइनल में पहुंच गई हैं। बासठ किलोग्राम भार वर्ग में असम की देबी दैमारी और हिमाचल की प्रियंका चौधरी के बीच फाइनल खेला जाएगा।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कर्नाटक पंद्रह स्वर्ण सहित पच्चीस पदकों के साथ पदक तालिका में पहले स्थान पर है। वहीं, ओडिशा तेईस पदकों के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है। इसी तरह, छत्तीसगढ़ ने अब तक एक स्वर्ण सहित दस पदक हासिल कर पदक तालिका में नौवें स्थान पर है।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के छठवें दिन कल से जगदलपुर में एथलेटिक्स में विभिन्न वर्गों के मुकाबले शुरू होंगे। वहीं, रायपुर में कल तीरंदाजी, हॉकी और फुटबॉल के साथ ही अंबिकापुर में वेटलिफ्टिंग के मुकाबले होंगे।

---

**निकिता–स्वर्ण पदक**

---

छत्तीसगढ़ में खेले जा रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में वेटलिफ्टिंग में छत्तीसगढ़ की निकिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्वर्ण पदक दिलाया। निकिता ने सत्तर किलोग्राम वर्ग में एक सौ साठ किलोग्राम वजन उठाकर यह उपलब्धि हासिल की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि के लिए निकिता को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

निकिता ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए इस मुकाम तक पहुंचने के अपने अब तक के सफर के अनुभव साझा किए।

---

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने के भी आसार हैं। वहीं, अधिकतम तापमान में वृद्धि हो सकती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>